अध्याय - 1 भारत-आकार और स्थिति

स्मरणीय तथ्य

- भारत एक विशाल देश है। यह उत्तरी गोलार्द्ध में स्थित है। इसका मुख्य भूभाग 8°4' उत्तर से 37°6' उत्तरी अक्षांश तथा 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्व देशांतर तक है।
- कर्क रेखा देश को लगभग दो बराबर भागों में विभक्त करती है। मुख्य भूभाग के दक्षिण-पूर्व में अंडमान और निकोबार द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी में तथा लक्षद्वीप समूह अरब सागर में स्थित है।
- गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और मिजोरम ऐसे राज्य हैं जिनमें से कर्क रेखा गुजरती है।
- भारतीय संघ राज्य का सबसे दक्षिणी बिन्दु जिसे इंदिरा बिन्दु कहा जाता था, सन् 2004 में सुनामी लहरों के कारण समुद्र में जलमग्न हो गया।
- भारत के भूभाग का कुल क्षेत्रफल लगभग 32.8 लाख वर्ग किलोमीटर है।
- भारत का क्षेत्रफल विश्व के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 2.4 प्रतिशत है। यह विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा देश है।
- भारत की स्थल सीमा रेखा लगभग 15,200 कि.मी. और समुद्री तट रेखा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप समूह को मिला कर 7516.6 कि.मी. है।
- भारत उत्तर-पश्चिम, उत्तर एवं उत्तर-पूर्वी सीमा पर नवीनतम वलित पर्वतों से घिरा हुआ है। यह दक्षिण में 22° उत्तरी अक्षांश से हिन्द महासागर की ओर संकरा होता चला गया है जहाँ इसे दो सागरों में विभाजित कर देता है। पश्चिम में अरब सागर तथा पूर्व में बंगाल की खाड़ी।
- भारतीय भूखंड पूर्व और पश्चिम एशिया महाद्वीप के मध्य में स्थित है। भारत एशिया महाद्वीप का दक्षिणी विस्तार है।
- पश्चिम स्थित यूरोपीय देशों को पूर्व एशिया के साथ जोड़ने वाला हिन्द महासागर पार समुद्री मार्ग भारत को सामरिक रूप से केन्द्रीय स्थिति प्रदान करता है।
- भारत में 28 राज्य एवं 8 केन्द्र शासित प्रदेश है।
- भारत की स्थल सीमाएं उत्तर-पश्चिम में पाकिस्तान, अफगानिस्तान के साथ तथा उत्तर में चीन (तिब्बत), नेपाल, भूटान एवं पूर्व में म्यांमार और बांग्लादेश के साथ लगती है।
- सागर पार हमारे दक्षिणी पड़ोसी द्वीप समूह देश श्रीलंका और मालदीव हैं।
- भारत और श्रीलंका के बीच छोटा समुद्री रास्ता पाक जलडमरू तथा मन्नार की खाड़ी है।
- मालदीव लक्षद्वीप के दक्षिण में स्थित हैं।

बहुविकल्पीय प्रश्न

1. भारत कौन से गोलार्द्ध में स्थित है ?

a. उत्तर-पूर्वी गोलार्द्ध b. दक्षिणी गोलार्द्ध
c. पश्चिमी गोलार्द्ध d. उपरोक्त सभी।

2. भारत का अक्षांशीय विस्तार कितना है ?

a. 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक।
b. 8°4' दक्षिणी अक्षांश से 37°6' दक्षिणी अक्षांश तक।
c. a और b दोनों।
d. इनमें से कोई नहीं।।

3. भारत का देशांतरीय विस्तार कितना है?

a. 8°4' पश्चिम से 37°6' पश्चिम तक।
b. 68°7' पूर्व से 97°25' पूर्वी देशांतर तक।
c. a और b दोनों।
d. इनमें से कोई नहीं।।

4. कर्क रेखा कितने डिग्री अक्षांश से गुजरती है ?

a. 23½° दक्षिणी अक्षांश (23°, 30' दक्षिणी अक्षांश)।
b. 23½° उत्तरी अक्षांश (23°, 30' उत्तरी अक्षांश) ।
c. 82½° पूर्वी देशांतर।
d. 67½° उत्तरी अक्षांश।

5. कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से गुजरती है ?

a. छ : राज्यों से। b. पाँच राज्यों से।
c. दस राज्यों से। d. आठ राज्यों से।

6. भारत के मुख्य भू-भाग के दक्षिण-पूर्व में कौन सा द्वीप समूह स्थित है ?

a. लक्षद्वीप समूह।
b. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।
c. श्रीलंका।
d. इनमें से कोई नहीं।।

7. भारत के दक्षिण पश्चिम में कौन सा द्वीप है ?

a. लक्षद्वीप समूह।
b. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह।
c. श्रीलंका ।
d. इनमें से कोई नहीं।।

8. अंडमान और निकोबार द्वीप समूह .... स्थित है।

a. अरब सागर में b. बंगाल की खाड़ी में
c. तस्मान सागर d. इनमें से कोई नहीं।।

9. लक्षद्वीप समूह .... स्थित है।

a. अरब सागर में b. बंगाल की खाड़ी में
c. तस्मान सागर d. इनमें से कोई नहीं।।